हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री


11 स्ट्रीट वेंडर्स को 50 हजार तक बिना गारंटी के मिलेगा ऋण



12 गंगरेल-ठेमली आईलैंड में चल रहे कार्यों का कलेक्टर ने ...




## खबर संक्षेप

### नल जल ऑपरेटर संघ की बैठक 15 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत नल जल ऑपरेटर संघ कुरूद ब्लाक की बैठक 15 फरवरी रविवार को खेल मैदान कुरूद में 11 बजे रखी गई है। संघ के टिकेश्वर साहू, भुनेश्वर सिन्हा एवं गौकरण साहू ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। कुरूद ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत में कार्यरत नल जल ऑपरेटर से उपस्थित होने की अपील की है।

### रायपुर में 12 को युवा महापंचायत

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव उदित साहू ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस ने मनरेगा में प्रस्तावित संशोधनों के खिलाफ व्यापक आंदोलन की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा 12 फरवरी को रायपुर स्थित पं.जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय ऑडिटोरियम (मेकाहारा) में युवा महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। उदित ने बताया कि महापंचायत में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानुचिब विशेष रूप से शामिल होंगे।



### भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा 18 से

**धमतरी।** बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बीए भाग दो व तीन के भूगोल विषय के नियमित, भूतपूर्व, स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं के वार्षिक भूगोल प्रायोगिक परीक्षा दो तिथियों में 18 फरवरी को 9 बजे फील्ड वर्क एवं 23 फरवरी को 9 बजे से लैब वर्क होगी। भूगोल विषय के परीक्षार्थी निर्धारित तिथि परीक्षा समय के आधा घंटा पूर्व अपनी प्रायोगिक सामग्री के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

### परसवानी में मेला महोत्सव 15 को

**मगरलोड।** ग्राम परसवानी में जागृति नवयुवक समिति सुभाष चौक एवं ग्रामवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि पर मेला महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू होंगे। अध्यक्षता रोहित मोहन साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि शत्रुघ्न साहू, लेखराम साहू, लेखनारायण साहू, दीपक साहू, दिलीप सिंह, तिमिरेंद्र शेखर एवं जिला पंचायत सभापति टीकाराम कंवर होंगे। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय मां शीतला नाचापार्टी भानपुरी धमतरी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी छविलाल साहू ने दी।



### जवरगांव में मारुति मानस यज्ञ एवं भागवत कथा 23 से



**धमतरी।** ग्राम जवरगांव में ग्रामवासियों व दानदाताओं के सहयोग से 23 फरवरी से लेकर 1 मार्च तक मानस यज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सिरकट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरणव्यास व कथावाचक रामानंद शरण महाराज के सानिध्य में सम्पन्न होगा। एमआर निषाद ने बताया कि यज्ञ प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक व 3 बजे से शाम 5 तक भागवत कथा होगी। तैयारी में अंकालूराम निषाद, डोमन साहू, ईश्वर निषाद, दुलार साहू, सरपंच लीलाराम साहू, राघव नेताम जुटे हुए हैं।

---

तीन दिन से जिला अस्पताल में भर्ती था युवक

# अस्पताल परिसर में युवक की मौत शव कहां है यह प्रबंधन को पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला अस्पताल में तीन दिन से भर्ती बीमार युवक को परिजन बिना सूचना दिए घर ले रहे थे। इसी दौरान अस्पताल परिसर में ही गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद युवक का शव कहां गया, इसका अस्पताल प्रबंधन को पता नहीं है।

जिला अस्पताल में लापरवाही व उदासीनता का आलम यह है कि अस्पताल परिसर में युवक की मौत होने की भनक न प्रबंधन को लगी और न ही युवक के शव के संबंध में उन्हें कोई जानकारी है। इस तरह की लापरवाही का ताजा मामला बुधवार को सामने आया है। मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम सरईरूख निवासी रवि कुमार मण्डावी उम्र 34 वर्ष को पेट दर्द, खांसी व सांस लेने की तकलीफ के चलते रविवार को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। दो दिन पुरूष वार्ड में भर्ती रहने के बाद डाक्टर के कहने पर युवक को मंगलवार को आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। जहां रात भर भर्ती रहने के बाद बुधवार की सुबह बीमार युवक का जीजा बिच्छूराम ग्राम हरदीभाठा नगरी निवासी वार्डन व अस्पताल प्रबंधन को बिना सूचना दिए व बगैर डिस्चार्ज के मरीज को घर ले जाने के लिए सहारा देकर पैदल चलते हुए अस्पताल बिल्डिंग से बाहर निकाला जबकि बीमार युवक की पत्नी शशिकला मण्डावी नहीं ले जाने के लिए कह रही थी। इसके बाद भी जीजा रवि को अस्पताल से बाहर ले गया। इस दौरान युवक बिच्छूराम का सहारा लेकर लंगड़ाते हुए ओपीडी के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान बीमार युवक गार्डन के किनारे अचानक जमीन पर गिर गया। घटना में युवक की मौत हो गई। घटना को देख उसका जीजा मौके से गायब हो गया जबकि पत्नी शशिकला रोती-बिलखती अस्पताल परिसर में बैठी रही। कुछ देर बाद अस्पताल के सिक्युरिटी गार्ड पहुंच तमाशबीन बन खड़े थे। तभी किसी के कहने पर शव को वापस अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद शव कहां गया, इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन सहित किसी को नहीं है। घटना के संबंध में अस्पताल प्रबंधन को पूछने पर पता चला कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

#### सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

इस घटना से जिला अस्पताल में लचर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। अस्पताल में तीन दिन से भर्ती मरीज को उसके परिजन बिना सूचना के वार्ड से निकालकर घर ले जा रहे हैं लेकिन अस्पताल की सुरक्षा में तैनात सिक्युरिटी गार्ड को इसकी भनक तक नहीं लगती।

#### जनप्रतिनिधि को अस्पताल घुमाते रहे अधिकारी

अस्पताल परिसर में इतनी बड़ी घटना होने के बाद शव के संबंध में जानकारी जुटाने के बजाय अस्पताल प्रबंधन विजिट में पहुंचे एक जनप्रतिनिधि को अस्पताल का भ्रमण कराने में व्यस्त हो गए जिसके लिए बकायदा सीएमएचओ भी पहुंचे थे।

#### कार्रवाई होगी

इस संबंध में सिविल सर्जन ने कहा कि घटना की जानकारी ली जा रही है। जिस वार्ड में मरीज भर्ती था, उस वार्ड के कर्मचारियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सिक्युरिटी गार्ड से भी पूछताछ की जाएगी।

# जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर बिफरे कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया

नवीन महाविद्यालय आमदी के वार्षिक सम्मेलन में विधायक ओंकार साहू को आमंत्रित नहीं किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने इसे जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा बताते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया है।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि पिछले दो वर्ष से लगातार पार्टी के जनप्रतिनिधियों को शासकीय कार्यक्रमों से दूर रखा जा रहा है। उनका कहना है कि यह जानबूझकर किया जा रहा कदम प्रतीत होता है, जिसके जरिए कांग्रेस से जुड़े जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक आयोजनों से अलग रखने का प्रयास किया जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में मांग की है कि शासकीय कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों चाहे वे विधायक हों, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य या पार्षद सभी को उचित सम्मान और आमंत्रण दिया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की अनदेखी लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी इस तरह की उपेक्षा जारी रही तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश शर्मा और गौतम वाधवानी, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन, विधानसभा अध्यक्ष हित्तू गंगवीर, विधायक प्रतिनिधि आकाश गोलछा सहित पार्षद एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गांव से शहर तक चावल उत्सव, उधर कई दुकानों से चावल गायब

- दो माह की जगह एक माह का चावल वितरित, मिट्टीतेल, शक्कर भी नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गांव से लेकर शहर तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है, लेकिन स्थिति यह है कि जिले की कई राशन दुकानों में अभी तक चावल का स्टॉक ही नहीं पहुंचा है। अन्य दुकानों में भी स्टॉक कम होने के कारण हितग्राहियों को सिर्फ एक माह का ही राशन दिया जा रहा है। शक्कर और मिट्टी तेल की खेप अभी तक राशन दुकानों तक नहीं पहुंची है।

जिले में ही नहीं पूरे प्रदेश में 10 से 20 फरवरी तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है पर धमतरी जिले में इस उत्सव का रंग फीका नजर आ रहा है। जिले में नान के गोदाम भरे पड़े हैं। इसके बाद भी कई राशन दुकानों में चावल नहीं पहुंचा है। यही नहीं इस माह चावल का वितरण विलंब से किया गया है। 6 जनवरी से चावल वितरण शुरू किया गया है। स्थिति यह है कि जिले की 38 दुकानों में अब तक चावल वितरण शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में चावल उत्सव केवल औपचारिकता में सिमट गई है।

#### सिर्फ एक माह का चावल

जानकारी के अनुसार जिले के नान गोदाम चावल से भरे पड़े हैं, लेकिन ये चावल सामान्य हैं, जबकि पीडीएस के तहत एफआरके (फोर्टिफाइड) चावल का वितरण किया जाना है। फोर्टिफाइड चावल का स्टॉक कम होने के कारण दुकानों में सिर्फ फरवरी माह का चावल स्टॉक किया गया है। उधर शासन ने दो माह का चावल वितरण की घोषणा की है। स्टॉक कम होने के कारण हितग्राहियों को सिर्फ एक माह का चावल दिया जा रहा है। स्टॉक होने पर मार्च माह का चावल भी दिया जाएगा।



#### शक्कर, मिट्टीतेल भी नहीं

चावल के साथ बीपीएल हितग्राहियों को मिट्टी तेल और शक्कर भी दिया जाता है। शक्कर का स्टॉक तो हर माह पहुंच जाता था, लेकिन इस माह दुकानों में शक्कर नहीं पहुंची है। ऐसे में इसका वितरण पेंडिंग हैं। वहीं मिट्टी तेल की किल्लत हर माह बनी रहती है। स्थिति यह है कि राशन दुकानों में तीन से चार माह में एक बार मिट्टी तेल भेजा जाता है, वह भी सीमित मात्रा में। हितग्राहियों को दो लीटर मिट्टी तेल दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन तीन से चार माह में सिर्फ उन्हें सिर्फ एक लीटर मिट्टी तेल दिया जाता है।

#### पर्याप्त है भंडारण

चावल उत्सव के लिए राशन दुकानों में पर्याप्त चावल का भंडारण किया गया है। कुछ दुकानों में भंडारण शेष है। 15 फरवरी तक जिले की सभी दुकानों में चावल पहुंच जाएगा। चावल उत्सव 20 फरवरी तक मनाया जाएगा। कहीं कोई परेशानी नहीं है।

- विजय निगम, *नागरिक आपूर्ति निगम*

# भ्रमण कर ओडिशा से लौटे किसान, अब करेंगे रागी की खेती





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लघु धान्य की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को ओडिशा का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के बाद लौटे किसानों ने इसकी खेती को अपनाने का संकल्प लिया। इसकी खेती से होने लाभ और स्वास्थ्यगत लाभ ने किसानों को काफी प्रभावित किया है।

आत्मा योजना के तहत 6 से 9 फरवरी तक चार दिवसीय राज्य के बाहर शैक्षिक प्रशिक्षण सह भ्रमण पर किसानों के दल को जिला कोरापुट उड़ीसा की सैर कराई गई। जहां पर किसानों ने श्री अन्न लघु धान्य रागी की खेती, प्रसंकरण एवं मूल्यवर्धन के तरीके सीखे।

आत्मा योजना के उप परियोजना संचालक दल एफएल पटेल के नेतृत्व में कृषक नकछेड़ाराम कश्यप गोटियादादर, तोमन सिंह साहू, जीआर साहू भरदा, रतन कोर्राम कसावाही, खेलन सी, जयलाल नेताम पंडरीपानी, देवनारायण निषाद नगरी, श्यामनारायण यादव चिखली, गजेंद्र साहू भुसरेंगा, पुरूषोत्तम साहू राखी, राकेश कुमार मरकाम बोराई, चंद्रकुमार सलाम मड़वापठार, मनोज नेताम केरेगांव, चैनसिंह एवं वेदसिंह सरकट्टा, राजू सिंह गोटियादादर सहित अन्य कृषकों ने ओडिशा में विभिन्न किस्मों के लघुधान्य रागी, कुटकी, कोदो की खेती, काजू की खेती एवं प्रसंस्करण, पैकेजिंग, विभिन्न किस्मों के आम के खेतों का भ्रमण किया। डॉ निरंजन गुडा एवं एफएल पटेल के साथ ओडिशा कृषि विश्वविद्यालय से डी लिट गौरान्वित मिलेट की रानी के रूप में चर्चित महिला कृषक डॉ रायमती वरिया एवं अनिरुद्ध बारीक किसानों को रागी खेती की विशेषता के बारे में विस्तार से बताया।

# संदिग्ध व्यक्ति-वाहनों की जांच व कार्रवाई पर जोर

- एएसपी ने ली हाईवे पेट्रोलिंग के जवानों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था को मजबूत करने एसपी ने हाईवे पेट्रोलिंग में तैनात जवानों की समीक्षा बैठक लेकर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच व कार्रवाई पर विशेष जोर दिया।

जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विस्तृत चर्चा की गई। एएसपी शैलेंद्र पांडे ने जवानों को निर्देशित किया कि हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की नियमित जांच की जाए तथा ओव्हर स्पीड, ओव्हर लोडिंग एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने, दुर्घटना की स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने एवं आमनागरिकों के साथ सौहाद्रपूर्ण व्यवहार बनाए रखते हुए कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में हाईवे पेट्रोलिंग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए बेहतर समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने पर भी बल दिया गया। पुलिस ने आमजनों से यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित यात्रा करने की अपील की। समीक्षा बैठक में हाईवे पेट्रोलिंग की तीनों यूनिट में तैनात अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में बनाए गए 11 खरीदी केंद्र, पंजीयन शुरू

# चना के साथ सरसों की होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस बार चना के साथ सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी होगी। यही नहीं पूरे जिले में खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 11 कर दी गई है। बुधवार से किसानों का पंजीयन भी शुरू कर दिया गया है। किसान आवश्यक दस्तावेज लेकर खरीदी केंद्रों में पंजीयन करवा सकते हैं।

चना, सरसों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए इन उत्पादों का समर्थन मूल्य पर खरीदी की तैयारी की जा रही है। पिछले साल भी चना को समर्थन मूल्य पर खरीदा गया। कुछ समस्याओं के चलते सरसों की खरीदी समर्थन मूल्य पर नहीं हो पाई थी, इस साल सरसों की खरीदी की भी तैयारी है। बुधवार 11 जनवरी से चना और सरसों की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार 28 फरवरी तक किसानों का पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद 1 मार्च से चना और सरसों की खरीदी शुरू कर दी जाएगी।



#### ऐसे कराएं पंजीयन

पिछले साल जिले में चना खरीदी के लिए 8 केंद्र बनाए गए थे। अब इनकी संख्या में वृद्धि की गई है। जिले में कुल 11 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। किसान इन खरीदी केंद्रों में जाकर पंजीयन करवा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, बैंक अकाउंट पास बुक, ऋण पुस्तिका लेकर खरीदी केंद्र जाना होगा।

#### बढ़ा समर्थन मूल्य

पिछले साल चना का समर्थन मूल्य 5650 रुपए था। इस मूल्य पर जिले के 2197 किसानों ने 11.65 करोड़ रुपए का धान बेचा था। इस साल समर्थन मूल्य में 200 रुपए की वृद्धि की गई है। जानकारी के अनुसार किसानों को 5850 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस साल किसानों ने 18 हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल में चने की फसल लगाई है। इसी प्रकार सरसों की खरीदी 6200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

#### पंजीयन से वंचित होंगे कई किसान

समर्थन मूल्य पर चना बेचने के लिए पंजीयन कराने में किसान परेशान हो रहे हैं। कई किसान संयुक्त खाते की जमीन पर खेती करते हैं। इसमें से खाते के मुखिया का ही धान खरीदी के लिए पंजीयन किया जा रहा है। मुखिया की अनुपस्थिति में किसी भी अन्य सदस्य का पंजीयन नहीं किया जा रहा है। कुछ परिवारों में मुखिया बाहर रहते हैं या खरीदी केंद्र जाने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में इन किसानों को पंजीयन से वंचित होना पड़ रहा है। वे समर्थन मूल्य पर चना, सरसों भी नहीं बेच पाएंगे।

# 39 पौवा देसी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**मगरलोड।** 9 फरवरी सोमवार को ग्राम खैरझिटी में पुलिस ने अवैध शराब बेचते कोचिया को धरदबोचा। थाना से मिली जानकारी अनुसार लोकनाथ साहू पिता स्व. हीरालाल साहू उम्र 55 वर्ष अपने घर के बाजू उपस्वास्थ्य केंद्र के पास सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब बेचते पकड़ा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 39 नग देसी प्लेन पौवा जब्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34/2 के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक दीनू मारकंडे, आरक्षक गोविंदा घृतलहरे, कुणाल साहू, अजय गिरी, कमल घृतलहरे, धर्मेंद्र साहू का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन 18 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास और न्यूनतम 5 फीट 6 इंच ऊंचाई वाले पुरूष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जल वितरण संचालक (नलजल मित्र), असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, टेक्सी ड्राइवर, रिटेल (सेल्समेन), एफटीसीपी (कम्प्यूटर हार्डवेयर) प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास तथा फील्ड टेक्नीशियन-एसी रिपेयरिंग प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास होना अनिवार्य है।

### कोरर मावा मोदेल से दो छात्र हुए चयनित

**कोरर।** मावा मोदेल लाइब्रेरी का शुभारंभ कोरर में माह अगस्त में किया गया तथा अंचल के विद्यार्थी इससे लाभान्वित भी हो रहे हैं। लाइब्रेरी में निरंतर अध्ययन करते हुए ग्राम सेलगांव के दो विद्यार्थी रोमिता नाईक तथा गौरव जैन का चयन सीआरपीएफ में व ग्राम चिल्हाटी के लुभान्शी जैन ने बीएसएफ में चयनित होकर अपने माता पिता तथा अंचल के नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए सफल विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गए ग्राम मंगता निवासी 33 वर्षीय दिलीप नुरेटी पिता स्व. दानसाय का मौत हो गया। मंगता साल्हेभाट निवासी 30 वर्षीय सुकबती ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। अंतागढ़ पुलिस द्वारा शुन्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टोरेट में जनदर्शन अब प्रत्येक सोमवार को

**कांकेर।** कलेक्टर कार्यालय में अब प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले की आम जनता कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या, शिकायत व मांग से संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले यह जनदर्शन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाती थी, जिसमें संशोधन किया गया है।

## निधन

### टिकेंद्र साहू

**कुरुद।** सिवनीखुर्द (बाजारपारा) निवासी टिकेंद्र साहू 18 वर्ष का



आकस्मिक निधन हो गया। वे भूपेंद्र साहू के पुत्र, नंदकिशोर के भतीजे एवं मुक्तिराम साहू के पोते थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

**न्यायालय तहसीलदार कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

203/तह./वा./2026 कुरूद, दिनांक 03/02/2026
रा.प्र.क्र. 202512130100059/अ-59/2025-26
ग्राम नवागांव, तहसील कुरूद

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम नवागांव (थूहा) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कुरूद जिला धमतरी के द्वारा पत्र क्रमांक/10624/पंचा./कर वसूली/2025-26 धमतरी, दिनांक 04/12/2025 के माध्यम से ग्राम नवागांव (थूहा) पटवारी हल्का नंबर 31 तहसील कुरूद स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 325 रकबा 7.070 हे. पर 10 दुकान बनाने के लिए व्यवसायिक परिसर निर्माण हेतु आवंटन किये जाने की मांग की गयी है, के संबंध में प्रकरण न्यायालय कलेक्टर महोदय धमतरी की ओर से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) कुरूद के माध्यम से छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र में बने प्रावधानों अनुसार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है, जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/02/2026 तक समय 11:00 बजे लिखित में आपत्ति पेश कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

पदमुद्रा — तहसीलदार कुरूद

### एसडीओ ने वन मंडल स्टाफ, फड़ मुंशी, श्रमिक को जंगल में आग से बचाव की दी जानकारी

# जंगल में आग लगने पर एसएमएस सिस्टम कर्मियों को करेगा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जंगल में आग लगने से होने वाले नुकसान व इसे रोकने के लिए वन काष्ठागार नगरी में उप वनमंडल स्तरीय अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसडीओ ने वन मंडल स्टाफ, फड़ मुंशी, श्रमिक, अग्निरक्षक को जंगल में आग से बचाव की जानकारी दी



इस दौरान बताया गया कि जंगल में आग लगने पर एफएसआई एसएमएस सिस्टम सभी को अलर्ट करेगा। इसके द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों के पास एसएमएस आएगा, जो आग लगने की सूचना देगा, ताकि मौके पर पहुंचकर आग पर तत्काल काबू पाया जा सके। जिले में 120 अधिकारी-कर्मचारियों को इस आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। जंगल में आग लगते ही यह एफएसआई एसएमएस अलर्ट सिस्टम तत्काल एसएमएस के माध्यम से अलर्ट करेगा और आग को बुझाने के लिए तत्काल प्रयास किया जा सकेगा। ज्ञात हो कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही वनों में आग लगने की घटनाएं होती हैं। वन्य जीवों पर भी खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए यह सिस्टम तैयार किया गया है। इससे तुरंत सूचना मिलेगी और आसपास के वन क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी आग को बुझाएंगे।

मगरलोड ब्लाक के वनांचल क्षेत्र में ग्रामीण महुआ एकत्र करेंगे। महुआ बीनने के दौरान अधिकांश लोग पत्ते को जला देते हैं। आग हवा के कारण धीरे-धीरे आगे बढ़ जाती है और कई एकड़ क्षेत्र में तेजी से फैल जाती है। प्रशिक्षण के कर्मचारियों के साथ ही मौजूद श्रमिकों को समझाइश दी गई कि महुआ बीनने के दौरा पत्ते न जलाएं।

यह सिस्टम उपग्रहों के माध्यम से जंगल में लगे आग की वास्तविक समय में निगरानी करता है। इससे आग लगने की तुरंत जानकारी मिलती है। सिहावा क्षेत्र स्थित पांवद्वार गांव के पीछे जंगल और पहाड़ी इलाके में मार्च 2025 में अचानक आग लगी थी। पत्ते व झाड़ियां सूखे होने के कारण आग तेजी से फैली, जिससे आसपास के वन्यजीवों पर खतरा बढ़ गया था। ग्रामीणों ने आग की सूचना वन विभाग और प्रशासन को दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

कार्यशाला में संयुक्त वन मंडलाधिकारी नगरी, उप प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ, उपवन मंडल नगरी के परिक्षेत्र अधिकारी, प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी, प्रबंधक, उपवन मंडल का स्टाफ, फड़ मुंशी, सुरक्षा श्रमिक एवं अग्नि रक्षक उपस्थित थे।

# डेढ़ही सेन समाज परिक्षेत्र के लक्ष्मीनारायण पुनः अध्यक्ष बने

- मरौद परिक्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



डेढ़ही सेन समाज मरौद परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन विगत दिनों ग्राम खुरसेंगा में हुआ। लक्ष्मी नारायण सेन भाठागांव निवासी को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ संत शिरोमणि सेनजी महाराज की प्रतिमा, इष्ट देव बजरंग बली के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सेन ने की। सामाजिक, पारिवारिक समस्याओं का निवारण किया गया।

मरौद परिक्षेत्र द्वारा हर वर्ष 10वीं एवं 12 वीं में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को 501 एवं 801 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस वर्ष भी सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। सामाजिक लोगों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मीनारायण सेन भाठागांव को पुनः दूसरी बार अध्यक्ष पद पर बागडौर सौंपा। सचिव पद पर शिशुपाल सेन (कचना) की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष हिराधर सेन, राजिम महासभा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सेन ,हरिराम सेन, अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सेन, सचिव शिशुपाल सेन सहित पंचगण व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### नवाचार के साथ युवा वर्ग को साधेगा समाज

लक्ष्मी नारायण सेन के नेतृत्व में समाज में नवाचार की शुरुआत की जाएगी। प्रदेश में संचालित योजनाएं को परिक्षेत्र स्तर पर उतार जाएगा। सेन जंयती, विवाह योग्य युवक युवतियों का बायोडाटा संकलन, आदर्श विवाह, सदस्यता अभियान, रक्तदान शिविर आयोजित करना, शिक्षा, रोजगार हेतु युवा वर्ग को लाभ दिलाने समाज ने संकल्प लिया।

# शराब कोचियों को पकड़वाने वालों को मिला इनाम



- मड़ेली में हुई महापंचायत, टकेश कुमार सभापति नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में महापंचायत का आयोजन किया गया। ग्राम विकास समिति के सचिव चेतन साखरे ने बताया कि सर्वसम्मति से टकेश कुमार कौशिक को सभापति नियुक्त किया गया। 16 नवंबर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक का आवक-जावक एवं लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। वर्तमान दिनांक तक 49092 रुपए की बचत राशि समिति में सुरक्षित है। ग्राम विकास समिति द्वारा 7 से 8 मामलों पर चर्चा की गई। कुछ मामलों का निपटारा भी किया गया। अवैध शराब बेचने वाले तीन कोचियों को पकड़वाने वालों को 6 हजार रुपए सम्मान राशि दी गई। महापंचायत का संचालन सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू द्वारा किया गया।

मौके पर समिति के संरक्षक नारायण गिरी गोस्वामी एवं शारदा लोकनाथ साहू, अध्यक्ष संतराम साहू, जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, समिति के उपाध्यक्ष ताराचंद साहू एवं महेंद्र निर्मलकर, कोषाध्यक्ष लालसिंग चंदेल, पंच पुन्नी साहू, कुलेश्वरी सोन, फुलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, प्रेम साहू, ईश्वर सोन, तुलसा निषाद, गणेश बैस समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### चिंवरी में रामायण प्रतियोगिता का समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम चिंवरी में संगीतमय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया गया जिसमें विभिन्न मंडलियों में अपनी प्रस्तुति दी। मानस श्रोताओं की भीड़ श्रीराम भजन और जीवन चरित्र सुनने उमड़ी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे। उन्होंने रामचरितमानस में कहे गए विभिन्न विशेष तथ्यों पर चर्चा कर उनकी जीवन में महत्ता भी बताई साथ ही जीवन में उसे अमल करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, डॉ लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, चिंवरी सरपंच संजीत कुमार साहू, गणेश तारक, महेश साहू, नरेंद्र ध्रुवंशी अध्यक्ष दर्रा सोसायटी, हेमलाल यादव मंत्री भाजपा सिर्री मंडल, राजेंद्र साहू संकरी, पिंटू सेन संकरी थे।

# अब्दुल कलाम हाउस ने जीता क्विज मैनिया 2026 का खिताब

- महानदी एकेडमी देऊरपारा में हुई इंटर हाउस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




महानदी एकेडमी देऊरपारा कर्णेश्वर धाम के समीप इंटर हाउस प्रतियोगिता अंतर्गत क्विज मैनिया 2026 का आयोजन प्राचार्य शिव कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ।

प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से नवमी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के चार हाउस आर्यभट्ट, एपीजे अब्दुल कलाम, सीवी रमन एवं रामानुजन के प्रतिभागियों ने अपने-अपने समूहों का प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिता कुल पांच रोचक राउंड में आयोजित की गई। पहला राउंड रैपिड फायर रहा। दूसरा राउंड चित्र, ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से आयोजित किया गया। तीसरा विषय मिश्रित राउंड, चौथा बज़र राउंड तथा पांचवां रिस्क टेकिंग राउंड रहा। सभी राउंड ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक रहे, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, त्वरित सोच एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लेवल वन एवं लेवल टू में आयोजित इस प्रतियोगिता में एपीजे अब्दुल कलाम हाउस ने कुल 220 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और क्विज मैनिया 2026 का खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम में शिक्षकगण नरेंद्र साहू, संजीव पटेल, फनीष साहू, तैयबा बानो, विनीता साहू एवं विनोद सिंह राजपूत की सहभागिता रही। प्रमोद सिंह राजपूत ने शिक्षकों के प्रयास को सराहा। इस आयोजन में निदेशकगण मोहन नाहटा, निकेश सिंह ठाकुर, अहमद राजा, अजय छाजेड़ एवं शशांक सलाम का योगदान रहा।

### नहर की देखरेख करने विभागीय कर्मचारियों को फुर्सत नहीं

# ईंट बनाने नहर किनारे अवैध खुदाई, सिंचाई व्यवस्था पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

क्षेत्र की मुख्य नहर के किनारे अवैध रूप से मिट्टी काटकर ईंट निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा नहर की नाली के किनारे की जमीन को काटकर ईंट बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे नहर की संरचना और सिंचाई व्यवस्था पर खतरा उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है।





कुछ ग्रामीणों का कहना है कि नहर किनारे लगातार हो रही खुदाई से नहर की मजबूती प्रभावित हो सकती है, जिससे भविष्य में पानी के रिसाव या टूट-फूट जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल नियमों के विरुद्ध हैं, बल्कि किसानों के लिए भी चिंता का विषय बनती जा रही हैं, क्योंकि नहर क्षेत्र की मुख्य सिंचाई का प्रमुख स्रोत है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर अवैध खुदाई और ईंट निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए। नहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों ने कहा कि नहर की देखरेख करने स्थल सहायक, सब इंजीनियर को फुर्सत नहीं है। इस संबंध में एसडीओ से कार्यालय में संपर्क किया गया मगर अधिकारी अनुपस्थित रहे। दूरभाष पर फोन किया गया मगर उन्के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

## अंचल की खबरें

### आंगनबाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा भठेली की आंगनबाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया। बच्चों का वजन कर उन्हें पोषण आहार संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद संतोषी निषाद एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने किया दीनदयाल उपाध्याय को याद



**मगरलोड।** भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य नरेश अग्रवाल, भाजपा मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री नंदनी सिन्हा, सभापति जनपद सदस्य कृष्णा ध्रुव, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री भानुप्रिया साहू, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, पूर्व पार्षद झामीत सिन्हा, पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधा साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, पार्षद विदम चौहान, पार्षद अशोक साहू, बूथ अध्यक्ष निर्मल साहू, तिलक साहू, कार्यकारिणी सदस्य रमेश साहू, एसकुमार साहू, दाऊलाल साहू, मानबाई साहू उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी में हुई बच्चों के पोषण स्तर की जांच



**कुरुद।** आंगनबाड़ी केंद्र परसवानी में बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य जागरूकता हेतु वजन त्योहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के साथ-साथ गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करना एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में सेक्टर मंदरौद की पर्यवेक्षक रेणुका साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित जांच एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माताओं को कुपोषण से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों का वजन एवं ऊंचाई ली गई । साथ ही गर्भवती माताओं का भी वजन एवं ऊंचाई मापी गई तथा पोषण स्तर की जानकारी दी गई ताकि सभी लोग स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती तेज साहू, भेनुवती साहू, लता भगत, मितानिन रीता चंद्राकर, लता साहू, सहायिका सती साहू समेत बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

### समाज की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने पर दिया जोर



- जीजामगांव राज का वार्षिक अधिवेशन मरौद में हुआ

**जीजामगांव।** जीजामगांव राज का वार्षिक अधिवेशन मरौद में 8 फरवरी रविवार को हुआ। अतिथि पटेल समाज के संरक्षक बंशीलाल पटेल, बैशाखूराम पटेल, दुर्गेश पटेल, अध्यक्ष कपिल पटेल, तहसील अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद पटेल, उपाध्यक्ष चिंताराम पटेल, सचिव महेन्द्र पटेल, सहसचिव महेश पटेल, कोषाध्यक्ष नूतनराम पटेल, उपकोषाध्यक्ष मकसूदन पटेल, सलाहकार रामखिलावन पटेल, शोभाराम पटेल, मनहरण पटेल, भागीरथ पटेल, नेतराम पटेल थे। समाजजनों ने मां शाकंभरी और रामचन्द्र की पूजा-अर्चना की। अतिथियों ने समाज की गौरवशाली इतिहास व परंपरा का वर्णन करते हुए समाज की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सामाजिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए सामाजिक आवेदनों का समाधान व निराकरण किया। नए पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें राज अध्यक्ष राधेलाल पटेल, सचिव कुलेश पटेल, कोषाध्यक्ष नूतनराम पटेल, उपकोषाध्यक्ष गोपाल पटेल चुने गए।

### पुलिस जवानों के बैरक में अव्यवस्था



**मगरलोड।** राजिम कुंभ कल्प मेला 1 से 15 फरवरी तक आयोजित है। मेले में दूर-दराज के लोग मेला घूमने के लिए आते हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात है। पुलिस जवानों के रहने के लिए जगह में अव्यवस्था खुलकर बोल रही है। उक्त बैरक में लगभग 40-50 पुलिस जवान ठहरे हुए हैं , जहां पंखा भी नहीं है। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। प्रसाधन की हालत खराब है। प्रसाधन में जहां पानी है, वहां डिब्बा नहीं है और जहां डिब्बा है, वहां पानी नहीं है। पुलिस जवान मच्छरदानी के सहारे रात काट रहे हैं। इससे मेला संचालक समिति सहित विभागीय अधिकारी भी बेखबर है। पुलिस जवान जहां ठहरे हैं, वहां एक बड़ा हाल है। चारों ओर खुली खिड़की है। चैनल गेट में दरवाजा लगा है। हाल में मच्छरों का बसेरा है। रात्रि में बाहर से ठंडी हवा का झोंका आने से जवानों की नींद हराम हो रही है। बैरक में निवासरत जवान ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अव्यवस्था होने के बाद भी अधिकारी से शिकायत नहीं कर सकते। कुछ बोलने पर दंड की संभावना रहती है।

## अंचल की खबरें

### चित्रकार तथा मूर्ति कलाकारों ने मांगा काम



**धमतरी।** मंगलवार को कलेक्ट्रोरेट पहुंचे नगरी क्षेत्र के कलाकारों ने काम मांगा। विकास शांडिल्य, महेश कुमार, बोर्झा, रोशन ध्रुव, फलेन्द्र कश्यप ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि वे नगरी क्षेत्र के कलाकार हैं। विगत कई वर्षों से चित्रकला तथा मूर्तिकला का काम कर रहे हैं। नगरी क्षेत्र में कला का कोई भी कार्य प्रशासन द्वारा किया जाता है तो उन्हें उस कार्य के लिए अनुमति प्रदान की जाए।

### सशिमं में मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब में मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती किरण होल्कर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती किरण मिश्रा थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू ने की। श्रीमती किरण मिश्रा मां की महिमा एवं जिम्मेदारी के बारे में बताते हुए कहा कि स्त्री समय-समय पर अपने दायित्व का निर्वहन करती है। श्रीमती किरण होल्कर ने स्वर्ण प्राशन का महत्व बताया। विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू ने स्वर्ण प्राशन पिलाने का उद्देश्य समझाया। छात्रों द्वारा मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन एवं नृत्य गायन किया गया। कार्यक्रम में शामिल माताओं के लिए कुर्सी दौड़, बिन्दी लगाओ प्रतियोगिता हुई। बच्चों द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाये गये।

### शहीद किशन का बलिदान दिवस मनाया गया



**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी के पूर्व सैनिकों ने शहीद किशन साहू को श्रद्धांजलि देते हुए उनका बलिदान दिवस बालोदगहन में स्थित उनके शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित कर मनाया। किशन ने जम्मू कश्मीर में ऑपेशन रक्षक के दौरान अपने प्राण की परवाह न करते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके इस बलिदान को याद करते हुए जिले के पूर्व सैनिक प्रत्येक वर्ष उनके स्मारक में जाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारीलाल साहू, मार्गदर्शक टिकेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुनील जॉन, कांकेर जिले के कारगिल योद्धा ऑनरेरी कैप्टन जगमोहन साहू, बालोदगहन सरपंच समेत शहीद जवान के माता-पिता थे।

### प्राथमिक शाला खरतुली के बच्चों ने देखा महानदी का उद्गम स्थल



**धमतरी।** रविवार को शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली की 55 सदस्यीय टीम दीनबन्धु सिन्हा प्रधानपाठक के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण में महानदी उद्गम स्थल सिहावा पहाड़, कर्णेश्वर धाम एवं कोटेश्वर धाम पहुंची। प्रत्यक्ष दर्शन से बच्चों की समझ, ज्ञान, कल्पनाशीलता, अभिव्यक्ति क्षमता में वृद्धि हुई। बच्चों ने मेरी सिहावा यात्रा विषय पर लेख भी लिखे। लेख के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत भी किया जायेगा तथा मार्च माह के बाल मन पत्रिका में स्थान दिया जायेगा। लेखन कौशल का भी विकास हुआ। बच्चों ने प्राकृतिक दृश्य देख कर प्रसन्न हुए। टीम को रवाना करते वक्त उमेश्वर नेताम सरपंच, उपसरपंच दिनेश सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भारत राम साहू समेत कई पालक उपस्थित थे। शैक्षणिक भ्रमण में तारकेश्वरी सोनबेर, राजेश्वरी ठाकुर शिक्षिका, ललिता यादव रसोइया, ओमेश्वरी मेश्राम, तुलसी उइके का योगदान रहा।

### कबड्डी प्रतियोगिता में नयापारा झिरिया अव्वल रहा



**धमतरी।** ग्राम झिरिया नयापारा में जय मां बांधा दाई कबड्डी दल द्वारा 7 व 8 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये व प्रतीक चिन्ह नयापारा झिरिया, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये व प्रतीक चिन्ह चर्रा  तृतीय पुरस्कार 5001 रुपये व प्रतीक चिन्ह परसट्ठी और चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये व प्रतीक चिन्ह कंडेल की टीम को दिया गया। यह जानकारी समिति के तेजेश साहू ने दी।

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगर निगम में लगेगा विशेष शिविर

# स्ट्रीट वेंडर्स को 50 हजार तक बिना गारंटी के मिलेगा ऋण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के ठेला, खोमचा, फेरी और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं के लिए राहत भरी खबर है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को 15 हजार से 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम धमतरी द्वारा विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है, जहां नए आवेदनों को स्वीकार किया जाएगा।

निगम प्रशासन के अनुसार शिविर का उद्देश्य उन पथ विक्रेताओं तक योजना का लाभ पहुंचाना है, जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है। योजना के माध्यम से छोटे व्यवसायियों को बिना गारंटी कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपने स्वरोजगार को सुदृढ़ कर सकें।

पेंशन शाखा के ऊपर कार्यालय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर निगम धमतरी में प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक नगर निगम ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। निगम अधिकारियों का कहना है कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और अधिक से अधिक हितग्राहियों को इससे जोड़ा जाएगा।

#### शिविर में मिलेगी पूरी सहायता

विशेष शिविर में आवेदन भरने से लेकर दस्तावेज सत्यापन और बैंक से ऋण स्वीकृति (बैंक लिंकेज) तक की पूरी प्रक्रिया में मार्गदर्शन दिया जाएगा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (**NULM**) की टीम मौके पर उपस्थित रहकर हितग्राहियों की सहायता करेगी।

#### जरूरी दस्तावेज साथ लाएं

आवेदन करने के इच्छुक पथ विक्रेताओं को आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। अधूरे दस्तावेज होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ संस्कार का विशेष महत्व : गणेश



■ तहसील साहू समाज की बैठक में पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

तहसील साहू समाज नगरी की कार्यकारिणी बैठक हुई। जिला साहू समाज के पदाधिकारियों का पुष्पहार के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष कवल साहू ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेश साहू ने कहा कि समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कारों का विशेष महत्व है। उन्होंने युवाओं को सही दिशा देने पर जोर देते हुए कहा कि जागरूकता और संस्कार के माध्यम से समाज में सकारात्मक वातावरण बनाया जा सकता है। साथ ही सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा धर्मांतरण जैसी चुनौतियों को रोकने के लिए समाज के स्तर पर निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में सुभाष साहू, निर्मला साहू, उपाध्यक्ष दुर्गा साहू, संगठन सचिव सहित नगरी तहसील के वरिष्ठजन पुनीत साहू, पदुम साहू, हृदय साहू, नव परिक्षेत्र के अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। बैठक में समाज की एकजुटता, विकास एवं भावी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

## बोर्ड परीक्षा में 2570 विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। मगरलोड विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव ने बताया कि  ब्लॉक में बोर्ड परीक्षा के लिए 14 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह, बोरसी, मोहंदी, मेघा, करेली छोटी, कुंडेल, भेंडरी, हसदा, बालक शाला मगरलोड, पठार, मोहेरा, सिंगपुर, करेली बड़ी, भोथीडीह स्कूल शामिल हैं। दसवीं में बालिका 890, बालक 675 कुल 1565, इसी प्रकार 12वीं में बालक 373, बालिका 632 सहित कुल 1005 विद्यार्थी परीक्षा दिलाएंगे। 12वीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी एवं दसवीं की बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से प्रारंभ होगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

## अंचल के कई गांवों में बिना अनुमति के ईंट भट्टों का संचालन

■ धुएं से लोगों को सांस संबंधी हो रही बीमारी, प्रशासनिक उदासीनता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम छिपली सहित आसपास के कई गांवों में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों का संचालन तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। नगरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों के चलते ईंटों की बढ़ती मांग के कारण बड़ी संख्या में लाल ईंटों का अवैध निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। आसपास के जंगलों के हरे-भरे पेड़ पौधों  की कटाई कर भट्टी के हवाले किया जा रहे हैं। ईंट मांग में वृद्धि के चलते दाम भी 12 से 15 हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर तक पहुंच गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंचल के कई गांवों में कुछ लोग बिना वैधानिक अनुमति के ईंट भट्ठों का संचालन कर रहे हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इन भट्ठों के लिए न तो तहसील कार्यालय से अनुमति ली जा रही है और न ही ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किया जा रहा है। इसके बावजूद अवैध निर्माण एवं बिक्री का कार्य खुलेआम जारी है। बताया जाता है कि वर्तमान में दो हजार ईंट की कीमत 10 से 13 हजार रुपये तक वसूली जा रही है। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि अवैध ईंट भट्ठों से निकलने वाले धुएं से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जिससे आसपास के लोगों को सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खनिज एवं राजस्व विभाग की उदासीनता के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और नियमों की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य निरंतर जारी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध ईंट निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए, नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा पर्यावरण एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह अवैध कारोबार क्षेत्र के पर्यावरण और जनजीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इस संबंध में ग्राम छिपली के सरपंच से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

## बच्चों की लंबाई, वजन स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वजन त्योहार अंतर्गत नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 06 बाजारपारा नगरी में बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के वजन की नियमित जांच कर उनके शारीरिक विकास का आकलन करना तथा अभिभावकों को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर नगर पंचायत के पार्षद अल्का साव, पार्षद हरीश साहू ने बच्चों का वजन लेकर स्वयं निरीक्षण किया तथा माताओं को बच्चों के पोषण स्तर सुधारने के लिए हरी सब्जियों, फल, दूध एवं घर पर बने पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता देने की सलाह दी।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना साहू, माद्री साहू, ललिता गौर, यामिनी नाग, मितानीन अनीता यादव, सहायिका अमृता लाहोरिया तथा गुलेश्वरी सोम की सहभागिता रही। इनके द्वारा बच्चों की लंबाई, वजन मापकर स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज किया गया और कम वजन वाले बच्चों की पहचान कर विशेष निगरानी की जानकारी दी गई। वजन त्योहार में वार्डवासी परनिया, गोदावरी, महेश्वर पटेल, ऋतु पटेल, प्रभा निषाद, कविता, छाया, पूजा सहित अनेक नागरिकों की उपस्थिति रही।

## महाशिवरात्रि पर्व पर तरसींवा में श्रीराम कथा महोत्सव 13 से

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम तरसींवा के बाजार चौक में 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय दिव्य श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। छग के विभिन्न जिलों से मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि सरोज यादव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति होंगे। अध्यक्षता केशव साहू प्राधिकृत अधिकारी कृषि साख सहकारी समिति तरसींवा करेंगे। विशिष्ट अतिथि परमेश्वर गिरि गोस्वामी ग्राम पटेल, लोकेश्वर सिन्हा कृषक, वासुदेव निर्मलकर, घासुराम यदु, सुरेंद्र चंद्राकर होंगे। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि राजेश प्रसाद शर्मा समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी धमतरी होंगे। अध्यक्षता राजू चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी करेंगे। विशेष अतिथि दीपेश्वरी साहू पूर्व सरपंच, अजब नेताम , बाल्मीकि ध्रुव, तीरथ सिन्हा , पीआर सोनबेर, टोमिन साहू, डा डीआर सिन्हा, हिरेंद्र सिन्हा होंगे।

तृतीय दिवस में दोपहर 2 बजे महाशिवरात्रि की महिमा एवं रामकथा पर प्रवचन मुख्य वक्ता डॉ रोशन उपाध्यक्ष देंगे। मुख्य अतिथि झमित डॉ उमेश सिन्हा सरपंच होंगे। अध्यक्षता भुनेश्वर सिन्हा उपसरपंच करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि अशोक पवार महासचिव स्वर्गधाम सेवा समिति धमतरी, सत्यनारायण मित्तल, भीमराज जैन, पिंटू डागा, मयंक नागवंशी, विकास साहू, पुरूषोत्तम साहू होंगे। यह जानकारी चिरंजीव लाल हिरवानी प्रचार महामंत्री राजमानस संघ धमतरी, युधिष्ठिर गिरि गोस्वामी, भगवताचार्य पं. अखिलेश प्रसाद पाठक ने दी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जैसे जैसे समय बीतता जाएगा, वैसे वैसे जख्म भरता जाएगा,
मगर उनके साथ बिताए हुए पल बस याद आते रहेंगे



स्व. श्री रमेश कुमार अड़िल

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति

श्री रमेश कुमार अड़िल

का स्वर्गवास 06.02.2026 शुक्रवार को हो गया है। अतः आपसे सादर अनुरोध है कि निम्नांकित कार्यक्रमों में सपरिवार प्रधार कर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करने की करें।

- सतनाहवन एवं संपूर्ण कार्यक्रम -
12 फरवरी 2026, गुरूवार
तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक
स्थान : संकरी ( चिंवरी ) जिला-धमतरी

शोकाकुल परिवार -
योगेन्द्र, गोपेश, हर्षवर्धन,
ओमप्रकाश, दिव्यांश, भागवत,
मोहन, पन्ना, सुरेन्द्र, दऊवा,
शीतल एवं समस्त अड़िल परिवार।

- विनीत -
श्रीमती रमेश्वरी बाई साहू (धर्मपत्नी)
श्री रामखिलावन साहू (भाई)
श्री बृजपाल साहू (भाई)
योगेन्द्र साहू, गोपेश साहू (सुपुत्र)
ग्राम - संकरी (चिंवरी)
मो. : 9165901960, 6263039096

टीप: जिस किसी सज्जन को निमंत्रण न मिला हो इसे ही स्वीकार कर पधारने का कष्ट करें

**खबर संक्षेप**

## गोकुलपुर में गोकुलेश्वर महादेव महोत्सव आज से



■ सत्संग भवन से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**धमतरी।** महाशिवरात्रि पर्व पर गोकुलपुर वार्ड के सत्संग भवन मैदान में गोकुलेश्वर महादेव परिवार एवं वार्डवासियों के सहयोग से शिवपुराण का आयोजन 12 से 16 फरवरी तक किया गया है। कथावाचक संत कामता प्रसाद शरण कुंडेरादादर होंगे। परायणकर्ता पण्डित सुजलदास वैष्णव होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगी। प्रथम दिवस कलश यात्रा, वेदी पूजन, बिंदुक ब्राम्हण शिवपुराण महत्व की कथा होगी। द्वितीय दिवस गुणनिधि की कथा, तृतीय दिवस सती चरित्र, भस्मासुर की कथा, चतुर्थ दिवस शिव विवाह जालन्धर प्रसंग, पंचम दिवस तारकासुर वध, शिवलिंग महत्व की कथा होगी। हवन व पूजा अर्चना पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा। यह जानकारी गोकुलेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष रामेश्वर गंगबेर ने दी।

## संबलपुर में नंदी श्राद्ध व पितृ दोष निवारण शिविर 15 को



**धमतरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को श्रीलक्ष्मी नारायण सेवा समिति संबलपुर द्वारा विशेष नंदी श्राद्ध एवं पितृ दोष निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आचार्य ज्ञानेन्द्र शर्मा के निवास स्थान पर होगा। समिति के संरक्षक अशोक गुप्ता ने बताया कि भगवान शिव कालों के काल और मुक्ति के दाता माने जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन शिव आराधना के साथ पितरों की शांति हेतु किए गए उपाय शीघ्र फलदायी होते हैं। इसी उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य परिवारों में व्याप्त कलह, अशांति और पितृ दोष के कारण रुक रहे मांगलिक कार्यों में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। पूर्वजों की आत्मा की शांति हेतु सामूहिक प्रार्थना एवं तर्पण भी किया जाएगा।

## बजट सत्र से पहले पेंशनरों से चर्चा की मांग

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026 के प्रस्तावित बजट सत्र से पहले पेंशनरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। पेंशनर प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी से बजट पूर्व चर्चा की मांग की है। उनका कहना है कि वे ऐसी कोई मांग नहीं करेंगे जिससे सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़े, बल्कि केवल समय पर वेतन, पेंशन और भत्तों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पेंशनरों ने आरोप लगाया कि कई मामलों में सेवानिवृत्ति के बाद या मृत्यु उपरांत पारिवारिक पेंशन वर्षों से लंबित है। न्यायालयों के आदेशों का भी समय पर पालन नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनरों को निःशुल्क चिकित्सा, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड जैसी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। साथ ही यात्रा रियायतें बंद होने से बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) समाप्त करने और अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीमा हटाने की भी मांग की गई है। पेंशनरों ने चेतावनी दी है कि यदि बजट पूर्व संवाद नहीं हुआ तो वे विधानसभा के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## 29 छात्रों ने दी रासेयो ए प्रमाण-पत्र परीक्षा

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना ए प्रमाणपत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 29 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्राचार्य डीएल साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू एवं बाहय परीक्षक संतोष कुमार जैन कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी के दिशा-निर्देश में परीक्षा आयोजित की गई।

### पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण पर दिया विशेष जोर

# गंगरेल-ठेमली आईलैंड में चल रहे कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गंगरेल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु संचालित विभिन्न विकास कार्यों तथा ग्राम ठेमली अंतर्गत ठेमली आईलैंड में प्रगति पर चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने पैदल चलकर पाथवे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और व्यू प्वाइंट और वाच टावर हेतु स्थल का भी चिन्हांकन किया।

कलेक्टर ने ठेमली आईलैंड में किये जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गंगरेल जलाशय के आसपास विकसित किए जा रहे पर्यटन अधोसंरचना कार्यों जैसे पहुंच मार्गों का सुदृढ़ीकरण, सौंदर्यीकरण, पर्यटक सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा सांकेतिक बोर्ड की स्थापना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गंगरेल धमतरी जिले की पहचान है और इसे एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। पर्यटन विकास से स्थानीय युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों एवं ग्रामीण उद्यमियों के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।

ठेमली आईलैंड गंगरेल जलाशय के मध्य स्थित एक प्रमुख आकर्षण के रूप में उभर रहा है, वहां निर्मित हो रहे खरंजा फुटपाथ, विश्राम स्थल, बैठने की व्यवस्था, रेलिंग, सोलर लाइटिंग, व्यू प्वाइंट एवं हरित क्षेत्र विकास कार्यों का कलेक्टर ने अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि फुटपाथ का निर्माण स्वीकृत मानक डिजाइन के अनुरूप हो तथा वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से बचाव हेतु समुचित ढलान एवं ड्रेनेज की व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि ठेमली आईलैंड में पर्यटकों की सुविधा हेतु पेयजल, शौचालय, कचरा प्रबंधन, पार्किंग, प्राथमिक उपचार किट एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाए। पर्यटन स्थल की जानकारी देने आकर्षक सूचना पट्ट, दिशा सूचक बोर्ड एवं स्थानीय जैव-विविधता से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की जाए, जिससे पर्यटक क्षेत्र की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं से अवगत हो सकें। उन्होंने वन विभाग एवं पंचायत विभाग को समन्वय स्थापित कर आईलैंड क्षेत्र में स्थानीय प्रजातियों का पौधरोपण, हरित पट्टी विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के उपाय करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। सुनियोजित प्रयासों, विभागीय समन्वय और जनसहभागिता से गंगरेल-ठेमली आईलैंड क्षेत्र निकट भविष्य में प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा और स्थानीय स्तर पर आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई दिशा देगा।

## 8 लाख की लागत से होगा पंडित दीनदयाल चौक का सौंदर्यीकरण



■ पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। लगभग 8 लाख रुपये की लागत से पंडित दीनदयाल चौक का सौंदर्यीकरण एवं प्रतिमा परिसर का विकास कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, सरपंच नरसिंह मरकाम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी राम गोपाल साहू, पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम, लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद, राजा पवार, देवचरण ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, युवा मोर्चा महामंत्री यश साहू, योगेश साहू उपस्थित थे। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। रूपेंद्र साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकता है। चौक के सौंदर्यीकरण होने से नगर की शोभा बढ़ेगी तथा आने वाली पीढ़ियां उनके विचारों से प्रेरणा ले सकेंगी।

## अंधविश्वास में रहोगे तो कोई प्रकट होने वाला नहीं- इरपाची





■ छह दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

धर्मनगरी कुरूद के खेलमेला मैदान में 6 से 11 फरवरी तक आयोजित कोया पूनेम गोंडी गाथा कार्यक्रम के समापन दिवस पर शंकरशाह इरपाची ने कथा सुनाते हुए बताया बाबा शंभू को गोंडों ने बुढ़ादेव बना दिया। बुढ़ादेव पंचतत्व हैं। बाबा शंभू को जब ज्ञान प्राप्त हुआ हो तीनों काल को जानने लगे। भूतकाल, भविष्यकाल, वर्तमान काल, जिससे उन्हें तिरकाल दर्शी कहने लगे।

प्रवचक ने बताया कि दूसरों की नकल कर संन्यास धारण नहीं करना चाहिए। अग्निदेन को प्रसन्न करने के लिए मंत्र का उच्चारण नहीं करना पड़ता। माचिस से अग्निदेव उत्पन्न होती है। जल देव को प्रकट करने के लिए बोर कुआं खुदवाना पड़ता है। वायुदेव को प्रकट करने के लिए पंखा चलाना पड़ता है। अंधविश्वास में लगे रहोगे तो कोई प्रकट होने वाला नहीं, सांइस ने स्पष्ट कर दिया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन कथावाचक इरपाची समाज के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गोंड समाज की सामाजिक नियमावली का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कमलेश सोरी अध्यक्ष केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़, संगीता सोरी अध्यक्ष धमधागढ़ दुर्ग नीलम चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, भानु चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, लाकेश्वर साहू, शैलेन्द्री मंडावी, अर्चना नेताम, गायत्री मंडावी, चन्द्रप्रभा ध्रुव, पायल ध्रुव, चमेली नेताम, डॉ. आनंद राम ठाकुर, शिव नेताम कोषाध्यक्ष, कोमल सिंह नेताम सयुंक्त सचिव, हरिचन्द्र नेताम, सयुंक्त सचिव, ईश्वरी नेताम जिला अध्यक्ष महिला प्रभाग, कुलंजन सिंह मांडवी, बसंत ध्रुव, ललित ठाकुर उपस्थित थे।

## टैक्स नहीं तो ताला और कुर्की तय !





■ आयुक्त ने दिखाई सख्ती, निगम ने छेड़ा विशेष वसूली अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### बकायादारों पर सख्त कार्रवाई के संकेत

बैठक में आयुक्त ने साफ कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कर जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नल कनेक्शन विच्छेदन, संपत्ति सीलबंद करने और कुर्की वारंट की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केवल पुराने बकाए ही नहीं, बल्कि चालू वित्तीय वर्ष के कर की वसूली भी समय पर सुनिश्चित की जाए, ताकि निगम के विकास कार्य प्रभावित न हों।

नगर निगम में टैक्स वसूली को लेकर अब ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि बकाया कर जमा नहीं करने वालों पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त ने राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ चर्चा करते हुए वसूली की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में विशेष अभियान चलाकर लंबित करों की वसूली सुनिश्चित की जाए। घर-घर सूचना देने, नोटिस जारी करने और शिविर आयोजित करने जैसे उपायों पर जोर दिया गया।

### वार्डवार चलेगा अभियान

राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक वार्ड में सघन वसूली अभियान चलाया जाए। करदाताओं को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाए और उन्हें भुगतान के लिए प्रेरित किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि कर राशि से ही शहर में सड़क, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं का संचालन होता है। इसलिए समय पर टैक्स जमा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

### छुट्टी के दिन भी खुलेगा काउंटर

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने अवकाश के दिनों में भी कर जमा करने की व्यवस्था की है। अब शनिवार और रविवार को भी राजस्व विभाग कार्यालय में टैक्स जमा किया जा सकेगा। इससे करदाताओं को अतिरिक्त समय मिलेगा और लंबित राशि चुकाने में आसानी होगी।

### राजस्व संग्रह में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए शीघ्र ही अपना बकाया और वर्तमान कर जमा करें।

आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि राजस्व संग्रह में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर टैक्स जमा कर नागरिक शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में सहभागी बनें।

नगर निगम की इस सख्त रणनीति के बाद आने वाले दिनों में वसूली अभियान और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## चुनौतियों से घबराएं नहीं, सपनों को जीवंत रखे : योगेश्वर




■ ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 7वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि योगेश्वर साहू सेवानिवृत्त व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि रोहिताश मिश्रा अध्यक्ष किसान मोर्चा, कोमल सार्वा पार्षद ब्राम्हणपारा वार्ड थे। अध्यक्षता विनोद कुमार पाण्डेय प्राचार्य ने की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनोरंजक नृत्य, चुटकले, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि योगेश्वर साहू ने कहा कि इस संस्थान ने आपको न केवल किताबी ज्ञान बल्कि जीवन के सच्चे मूल्य, अनुशासन और मित्रता का पाठ पढ़ाया है। आज आप बिदा हो रहे है लेकिन यहां से अलविदा नहीं है, बल्कि नई उड़ान की शुरूआत है। चुनौतियों से घबराएं नहीं, सपनों को जीवंत रखे।

विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि एक आदर्श विद्यार्थी में पांच गुण होने चाहिए। ज्ञान प्राप्त करने के लिए विदयार्थी को कौए की तरह जिज्ञासु और प्रयास करने वाला तथा बगुले की तरह लक्ष्य पर एकाग्र रहने वाला होना चाहिए। विद्यार्थी को श्वान की भांति हल्की नींद वाला अर्थात थोड़ी सी आहट होने पर नींद टूट जाये, कम भोजन करने वाला एवं ज्ञान प्राप्ति के लिए घर का मोह नहीं रखने वाला होना चाहिए।

प्राचार्य विनोद कुमार ने कहा कि सच्ची सफलता नंबरों से नहीं, बल्कि आपके चरित्र और सपनों से आंकी जाती है। सपने देखिये, मेहनत कीजिये और कभी हार न मानिए। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन अर्पिता गुप्ता, हंसिका सारसर, श्रेया पटवा ने किया।

## मां शाकंभरी महोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



कोसरिया मरार पटेल समाज बगौद राज के नवनिर्मित मुख्यालय भवन का उद्घाटन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 20 फरवरी को सिहादभाठा में होगा। समाज के अध्यक्ष सियाराम पटेल ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री, अजय चंद्राकर विधायक कुरूद तथा ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। कक्षा 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान होगा।

समाज की इष्टदेवी मां शाकंभरी की महाआरती होगी। उद्यानिकी विभाग स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर आदर्श विवाह भी होगा। तैयारी में संरक्षक नोहरसिंह पटेल, तुकाराम पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, विमल पटेल, हुलास पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लता पटेल जुटे हैं।

## कोष्टापारा में पं. उपाध्याय को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोष्टापारा वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर डॉ. गिरवर साहू, नील पटेल, शीतल यादव, अजीत साहू, पार्षदगण संतोष सोनकर, कोमल सार्वा, संजय देवांगन, चंद्रकला पटेल, रूक्मणि सोनकर, रेखा निर्मलकर, ज्योति यादव, उषा निर्मलकर, विष्णु सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र खम्हरिया 01 में मना वजन त्योहार

**नगरी।** आंगनबाड़ी केंद्र खम्हरिया 01 में वजन त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच संत कुमार मरकाम द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात केंद्र में उपस्थित 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन कर उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माहेश्वरी द्वारा माताओं को बच्चों की वृद्धि एवं विकास की जानकारी वृद्धि चार्ट के माध्यम से दी गई तथा सही पोषण और संतुलित आहार के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया

■ भाजपाइयों ने बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर अर्पित की श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस पर भाजपा कुरूद मंडल की कार्यकारिणी द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रनिष्ठ जीवन-दर्शन का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों के अनुसरण का संकल्प व्यक्त किया।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को भारतीय चिंतन की आत्मा निरूपित करते हुए कहा कि उनका दर्शन राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता एवं अंत्योदय की भावना पर आधारित था तथा उन्होंने समाज की अंतिम पंक्ति में स्थित व्यक्ति के उत्थान को ही सच्चे राष्ट्रनिर्माण का मूलाधार माना। मंडल अध्यक्ष कृष्णकान्त साहू ने उनके सादगीपूर्ण, समर्पित एवं सेवाभावी जीवन को प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर प्रभात बैस, मोहन अग्रवाल, टिकेश साहू, खेमन साहू, सत्यम चंद्राकर, प्रवीण शर्मा, मिथिलेश बैस, भूपेंद्र सिन्हा, कमलेश चंद्राकर, विनोद चंद्राकर, मिक्की साहू, प्रवीण रेड्डी, खेमराज सिन्हा, योगेश साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

